दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग
उत्तर प्रदेश

कार्यपूर्ति दिग्दर्शक आय-व्ययक
(परफार्मेन्स बजट)
वर्ष 2024-25

ज्ञान बढ़े और काम बढ़े
दिव्यांगजन का मान बढ़े

उत्तर प्रदेश शासन
लखनऊ

प्राक्कथन

विभागीय योजनाओं के वित्तीय एवं भौतिक लक्ष्यों में पारस्परिक सामंजस्य स्थापित करने के उद्देश्य से कार्यक्रमों एवं कार्यकलापों का वर्गीकरण करते हुए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग का वर्ष 2024–25 का कार्यपूर्ति दिग्दर्शक दिव्यांगजन के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

आशा है कि यह समाज के सबसे असहाय, दुर्बल एवं शासकीय सहायता के सर्वाधिक पात्र वर्ग दिव्यांगजन के उत्थान एवं आत्मनिर्भरता से संबंधित योजनाओं को गतिशीलता प्रदान करने के साथ–साथ प्रभावी सिद्व होगा।

नरेन्द्र कश्यप
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग

विषय सूची

क्र.सं.	विषय	पृ.सं.
1.	भूमिका	01–7
2.	दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 की संरचना	8
3.	दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के मुख्य दायित्व	8
4.	दिव्यांगजनों के पुनर्वासन हेतु मार्च 17 से अब तक किये गये महत्वपूर्ण कार्य/निर्णय	9–10
5.	दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रम/योजनाएँ।	11–19
6.	नवीन योजनाएँ	19–20
7.	विभाग के कार्यक्रम/योजनाओं हेतु निर्धारित महत्वपूर्ण लक्ष्य	21
8.	वर्ष 2024–25 में प्राविधानित धनराशि का विवरण	22–25
9.	वित्तीय आवश्यकताओं, कार्यक्रमों तथा कार्यकलापों का वर्गीकरण	26–29
10.	उद्देश्यवार वर्गीकरण	30
11.	वित्तीय संसाधनों के स्रोत	31
12.	विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के स्वीकृत/भरे पदों का विवरण	32–37
13.	प्रशासनिक व्यवस्था एवं विभागीय संगठन का चार्ट	38

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश
वर्ष 2024–25 का कार्यपूर्ति दिग्दर्शक आय–व्ययक
परफार्मेन्स बजट

भूमिका

भारत की जनगणना वर्ष 2011 के अनुसार उत्तर प्रदेश में विभिन्न दिव्याँगताओ से ग्रसित कुल व्यक्तियों की संख्या 4157514 है। जो प्रदेश की कुल जनसंख्या का लगभग 2.08 प्रतिशत है। प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निवासरत दिव्यांग व्यक्तियों का दिव्यांगतावार वर्गीकरण निम्नवत है :–

जनगणना 2011 के अनुसार उत्तर प्रदेश में श्रेणीवार दिव्यांगों की संख्या का विवरण

विवरण		ग्रामीण	शहरी	कुल योग
दिव्यांगजन की कुल जनसंख्या		**3166615**	**990899**	**4157514**
	पुरूष	1803715	560456	2364171
	महिला	1362900	430443	1793343
दृष्टि दिव्यांगता		**579182**	**184806**	**763988**
	पुरूष	307821	100041	407862
	महिला	271361	84765	356126
वाक् दिव्यांगता		**202152**	**64434**	**266586**
	पुरूष	114665	36505	151170
	महिला	87487	27929	115416
श्रवण दिव्यांगता		**753704**	**274131**	**1027835**
	पुरूष	398665	146514	545179
	महिला	355039	127617	482656
अस्थि दिव्यांगता		**543203**	**134510**	**677713**

	पुरूष	355061	86554	441615
	महिला	188142	47956	236098
मानसिक मंदित		**140097**	**41245**	**181342**
	पुरूष	88236	25605	113841
	महिला	51861	15640	67501
मानसिक रूग्ण		**57497**	**19106**	**76603**
	पुरूष	37021	12100	49121
	महिला	20476	7006	27482
अन्य दिव्यांगता		**720020**	**226416**	**946436**
	पुरूष	402738	126226	528964
	महिला	317282	100190	417472
बहु दिव्यांगता		**170760**	**46251**	**217011**
	पुरूष	99508	26911	126419
	महिला	71252	19340	90592

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार उ0प्र0 के समस्त जनपदों में (तत्समय) निवासरत महिला एवं पुरूष दिव्यांगजन की जनसंख्या का जनपदवार विवरण निम्नवत है:-

क्रमांक	जनपद	दिव्यांगजन की कुल संख्या		
		कुल	पुरूष	महिला
1	आगरा–	120117	67708	52409
2	मैनपुरी–	33563	19796	13767
3	मथुरा–	51179	30154	21025
4	फिरोजाबाद–	50582	29718	20864
5	अलीगढ़–	75974	43398	32576
6	हाथरस	26547	15661	10886
7	एटा–	31245	18238	13007
8	कासगंज	23771	13745	10026
9	झांसी–	38796	22283	16513
10	ललितपुर–	17985	10413	7572
11	जालौन–	31251	18283	12968
12	हमीरपुर–	19055	11116	7939
13	महोबा–	15681	8955	6726
14	बांदा–	27972	16630	11342
15	चित्रकूट–	15403	8833	6570
16	लखनऊ–	122113	68070	54043
17	रायबरेली–	62230	34855	27375
18	हरदोई–	74082	43818	30264
19	उन्नाव–	63730	36261	27469
20	सीतापुर–	89157	51851	37306
21	खीरी–	71959	41458	30501
22	बरेली–	92300	53187	39113
23	बदांयू–	69688	40796	28892
24	पीलीभीत–	37181	22090	15091
25	शाहजहांपुर–	58073	33730	24343
26	मेरठ–	66225	37888	28337

क्रमांक	जनपद	दिव्यांगजन की कुल संख्या		
		कुल	पुरूष	महिला
27	बागपत–	22265	13158	9107
28	गाजियाबाद–	144305	79869	64436
29	गौतमबुद्ध नगर–	35955	20506	15449
30	बुलन्दशहर–	60925	35133	25792
31	सहारनपुर–	61271	35207	26064
32	मुजफ्फरनगर–	65775	38545	27230
33	मुरादाबाद–	82774	47205	35569
34	अमरोहा–	25873	15134	10739
35	रामपुर–	38210	21766	16444
36	बिजनौर–	61638	35492	26146
37	वाराणसी–	96924	54297	42627
38	चन्दौली–	32051	18602	13449
39	गाजीपुर–	79877	44416	35461
40	जौनपुर–	117683	63170	54513
41	मिर्जापुर–	41840	24247	17593
42	सन्त रविदास नगर–	27755	16145	11610
43	सोनभद्र–	31048	17810	13238
44	गोरखपुर	100730	55913	44817
45	महराजगंज–	61861	34309	27552
46	देवरिया–	71103	39211	31892
47	कुशीनगर–	139672	75176	64496
48	बस्ती–	43484	24084	19400
49	सन्त कबीर नगर–	26997	14993	12004
50	सिद्धार्थनगर–	44168	24477	19691
51	आजमगढ़–	76114	42559	33555
52	मऊ–	38910	21725	17185
53	बलिया–	91847	51016	40831
54	प्रयागराज–	178275	99826	78449
55	कौशाम्बी–	42213	23724	18489
56	फतेहपुर–	55333	32222	23111

क्रमांक	जनपद	दिव्यांगजन की कुल संख्या		
		कुल	पुरूष	महिला
57	प्रतापगढ़–	77912	42326	35586
58	कानपुर नगर–	116292	68633	47659
59	कानपुर देहात	35804	21323	14481
60	फरूर्खाबाद–	31497	19041	12456
61	कन्नौज–	31308	18692	12616
62	औरय्या–	27645	16701	10944
63	इटावा–	31196	18788	12408
64	अयोध्या–	45767	25671	20096
65	अम्बेडकरनगर–	46580	25864	20716
66	सुल्तानपुर–	72931	40376	32555
67	बाराबंकी–	72256	41381	30875
68	गोण्डा–	62452	35729	26723
69	बलरामपुर–	30500	17573	12927
70	श्रावस्ती	20921	11885	9036
71	बहराईच–	71718	41316	30402
	कुल योग	**4157514**	**2364171**	**1793343**

नोटः शामली, हापुड़, सम्भल, अमेठी, बाद में सृजित होने के कारण पूर्व जनपद में ही दिव्याँगजनों का आगणन सम्मिलित है।

समाज के विशेष रूप से असहाय, निराश्रित सुविधाविहीन दिव्यांग वर्ग के सर्वांगीण विकास को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा 12 अगस्त, 1995 से दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग का गठन किया गया है।

दिव्यांगता की परिभाषा

दिव्यांगजन के समग्र विकास हेतु भारत सरकार द्वारा निःशक्त व्यक्ति अधिकार अधिनियम 2016 पारित किया गया, जो 19 मार्च, 2017 से सम्पूर्ण भारत में प्रभावी है। इस अधिनियम में कुल 17 अध्याय एवं 102 धाराएँ हैं। इस अधिनियम की धारा 2(द) में संदर्भित निःशक्त व्यक्ति की परिभाषा निम्नानुसार दी गयी है :–

2(द) ''संदर्भित निःशक्त व्यक्ति'': से प्रमाणकर्ता प्राधिकारी द्वारा यथा प्रमाणीकृत विनिर्दिष्ट निःशक्तता के 40 प्रतिशत से अन्यून का अभिप्रेत है।

उक्त अधिनियम 2016 की धारा 2(यग) में निःशक्तता (दिव्यांगता) की श्रेणियॉ एवं उनकी परिभाषाएँ निम्नानुसार दी गयी हैं :–

1– शारीरिक निःशक्तता–

(अ) गतिविषयक निःशक्तता (व्यक्ति की सुनिश्चित गतिविधियों को करने में असमर्थता जो स्वयं और वस्तुओं के चालन से सहबद्ध हैं जिसका परिणाम पेशीकंकाली और तंत्रिका प्रणाली या दोनों में पीड़ा है), जिसके अंतर्गत–

(क) ''कुष्ठ रोगमुक्ति व्यक्ति'' से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो कुष्ठ से रोगमुक्त हो या है किन्तु निम्नलिखित से पीड़ित है –

I. हाथ या पैरों में सुग्राहीकरण का ह्रास के साथ–साथ ऑख और पलक में सुग्राहीकरण का ह्रास और आंशिक घात किन्तु व्यक्त विरूपता नहीं है;

II. व्यक्त विरूपता और आंशिक घात किन्तु उनके हाथों और पैरों में विनिर्दिष्ट चलन से सामान्य आर्थिक क्रियाकलापों में लगे रहने के लिए सक्षम है;

III. अत्यंत शारीरिक विकृति के साथ–साथ वृद्धावस्था जो उन्हें कोई लाभप्रद व्यवसाय करने से निवारित करती है और ''कुष्ठ रोगमुक्त व्यक्ति'' पद का तद्नुसार अर्थ लगाया जाएगा;

(ख) ''प्रमस्तिष्क घात'' से कोई अविकासशील अवस्थाओं का समूह अभिप्रेत है जो अविकासशील तंत्रिका दशाओं से शरीर के चलन और पेशियों के समन्वयन को प्रभावित करती है, जो मस्तिष्क के एक या अधिक विनिर्दिष्ट चक्रों में क्षति के कारण उत्पन्न होता है साधारणतः जन्म से पूर्व, जन्म के दौरान या जन्म के तुरंत पश्चात् होती है :

(ग) ''बौनापन'' से कोई चिकित्सीय या आनुवांशिकी दशा अभिप्रेत है जिसके परिणामस्वरूप किसी वयस्क व्यक्ति की लंबाई चार फिट दस इंच (147 से0मी0) या उससे न्यून रह जाती है;

(घ) ''बहुदुश्पोषण'' से वंशानुगत, आनुवांशिक पेशी रोग का समूह अभिप्रेत है जो मानव शरीर को सचल करने वाली पेशियों को कमजोर कर देता है और बहुदुश्पोषण के रोगी व्यक्तियों के जीन में वह सूचना अशुद्ध होती है या नहीं होती है जो उन्हें उस प्रोटीन को बनाने से निवारित करती है जिसकी उन्हें स्वस्थ पेशियों के लिए आवश्यकता होती है, इसकी विशेषता अनुक्रमिक अस्थिपंजर, पेशी की कमजोरी, पेशी प्रोटीनों में त्रुटि और पेशी कोशिकाओं और टिशुओं की मृत्यु है।

(ड.) ''अम्ल आक्रमण पीड़ित'' से अम्ल या समान संक्षारित पदार्थ के फेंकने द्वारा हिंसक आक्रमण के कारण विरूपित कोई व्यक्ति अभिप्रेत है;

(आ) दृष्टिगत ह्रास्य –

(क) ''अंधता'' से ऐसी दशा अभिप्रेत है जिसमें सर्वोत्तम सुधार के पश्चात् व्यक्ति में निम्नलिखित स्थितियों में से कोई एक स्थिति विद्यमान होती है, –

I. दृष्टि का पूर्णतया अभाव;

II. सर्वोत्तम सुधार के साथ अच्छी आंख दृष्टि संवेदनशील 3/60 या 10/200 (स्नेलन) से अन्यून; या

III. 10 डिग्री से अन्यून किसी कक्षांतरित कोण पर दृश्य क्षेत्र की परिसीमा;

(ख) ''निम्न दृष्टि'' से ऐसी स्थिति अभिप्रेत है जिसमें व्यक्ति की निम्नलिखित में से कोई एक स्थिति होती है, अर्थात्, –

I. बेहतर आंख में सुधारकारी लेंसों के साथ–साथ 6/18 से अनधिक या 20/60 से कम 3/60 तक या 10/200 (स्नेहल) दृश्य संवेदनशीलता; या

II. 10 से अधिक 40 डिग्री तक की दृष्टि अंतरित किसी कोण के क्षेत्र में सीमाएँ।

(इ) ''श्रवण शक्ति का ह्रास'' –

(क) ''बधिर'' से दोनों कानों में संवाद आवृत्तियों से 70 डिसबिल श्रव्य ह्रास वाला व्यक्ति अभिप्रेत है;

(ख) ''ऊॅचा सुनने वाला व्यक्ति'' से दोनों कानों से संवाद आवृत्ति में 60 डिसबिल से 70 डिसबिल श्रव्य ह्रास्य व्यक्ति अभिप्रेत है;

(ई) ''अभिवाक् और भाषा निःशक्तता'' से लेराइनजेक्टोमी या अफेलिया जैसी स्थितियों से उद्‌भूत स्थायी निःशक्तता अभिप्रेत है जो कार्बनिक या तंत्रिका संबंधी कारणों के कारण अभिवाक् और भाषा के एक या अधिक संघटकों को प्रभावित करती है।

2– ''बौद्धिक निःशक्तता'' से ऐसी स्थिति, जिसकी विशेषता दोनों बौद्धिक कार्य (तार्किक, शिक्षण, समस्या समाधान) और अनुकूलन व्यवहार में महत्वपूर्ण रूप से कमी होना है, जिसके अन्तर्गत दैनिक सामाजिक और व्यवहार्य की रेंज है, जिसके अन्तर्गत –

(क) ''विनिर्दिश्ट विद्या निःशक्तता'' से स्थितियों का एक ऐसा विजातीय समूह अभिप्रेत है जिसमें भाषा को बोलने या लिखने का प्रसंस्करण करने की कमी विद्यमान होती है जो बोलने, पढ़ने, लिखने, वर्तनीय या गणितीय गणनाओं को समझाने में कमी के रूप में सामने आती है इसके अन्तर्गत बोधक निःशक्तता डायसेलेक्सिया, डायसग्राफिया, डायसकेलकुलिया, डायसप्रेसिया और विकासात्मक अफेसिया भी है;

(ख) ''स्वलीनता स्पफक्ट्रम विकार'' से एक ऐसी तंत्रिका विकास की स्थिति अभिप्रेत है जो आमतौर पर जीवन के पहले तीन वर्ष में उत्पन्न होती है, जो व्यक्ति की संपर्क करने की, संबंधों को समझने की और दूसरों से संबंधित होने की क्षमता को प्रभावित करती है और आमतौर पर यह अप्रायिक या घिसे–पिटे कर्मकांडों या व्यवहार से सहबद्ध होता है।

3– **मानसिक व्यवहार–**

''मानसिक रूग्णता'' से चिंतन, मनोदशा, बोध, पूर्वाभिमुखीकरण या स्मरणशक्ति का विकार अभिप्रेत है जो जीवन की साधारण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये समग्र रूप से निर्णय, व्यवहार, वास्तविकता की पहचान करने की क्षमता या योग्यता को प्रभावित करता है किन्तु जिसके अन्तर्गत मानसिक मंदता नहीं है जो किसी व्यक्ति के मस्तिष्क का विकास रूकने या अपूर्ण होने की स्थिति है, विशेषकर जिसकी विशिष्टता बुद्धिमता का समान्य से कम होना है।

4– **निम्नलिखित के कारण निःशक्तता–**

(क) चिरकारी तंत्रिका दशाएं, जैसे–

I. ''बहु–स्केलेरोसिस'' से प्रवाहक, तंत्रिका प्रणाली रोग अभिप्रेत है जिसमें मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाओं के अक्ष तंतुओं के चारों ओर रीढ़ की हड्डी की मायलिन सीथ क्षतिग्रस्त हो जाती है जिससे डिमायीलिनेशन होता है और मस्तिश्क में तंत्रिका कोशिकाओं और रीढ़ की हड्डी की कोशिकाओं की एक–दूसरे के साथ संपर्क करने की क्षमता प्रभावित होती है;

II. ''पार्किसन रोग'' से कोई तंत्रिका प्रणाली का प्रगामी रोग अभिप्रेत है, जिसके द्वारा कम्प, पेशी, कठोरता, और धीमा, कठिन चलन, मुख्यतया मध्य आयु और वृद्ध व्यक्तियों से संबंध मस्तिष्क के आधारीय गंडिका के अद्यपतन तथा तंत्रिका संचालन डोपामई के ह्रास से संबद्ध हो।

(ख) रक्त विकृति–

I. ''हेमोफीलिया'' से एक आनुवंशकीय रोग अभिप्रेत है जो प्रायः पुरूषों को ही प्रभावित करता है किन्तु इसे महिला द्वारा अपने पुरूष बालकों को संप्रेषित किया जाता है, इसकी विशेषता रक्त के थक्का जमने की साधारण क्षमता का नुकसान होना है जिससे गौण घाव का परिणाम भी घातक रक्तस्राव हो सकता है।

II. ''थेलेसीमिया'' से वंशानुगत विकृतियों का एक समूह अभिप्रेत है जिसकी विशेषता हिमोग्लोबिन की कमी या अनुपस्थिति है।

III. ''सिक्कल कोशिका रोग'' से होमोलेटिक विकास अभिप्रेत है जो रक्त की अत्यंत कमी, पीड़ादायक घटनाओं और जो सहबद्ध टिशुओं और अंगों को नुकसान से विभिन्न जटिलताओं में परिलक्षित होता है। ''हेमोलेटिक'' लाल रक्त कोशिकाओं की कोशिका झिल्ली के नुकसान को निर्दिश्ट करता है जिसका परिणाम हिमोग्लोबिन का निकलना होता हैः

5– बहुनिःशक्तता (उपर्युक्त एक या एक से अधिक विनिर्दिष्ट निःशक्तता) जिसके अन्तर्गत बधिरता, अंधता जिससे कोई दशा जिसमें कोई व्यक्ति श्रव्य और दृश्य के सम्मिलित ह्रास के कारण गम्भीर संप्रेषण, विकास और शिक्षण संबंधी गम्भीर दशाएँ अभिप्रेत हैं।

6– कोई अन्य प्रवर्ग जो केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित किए जाएँ।

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश की संरचना

समाज के असहाय, सुविधाविहीन एवं कमजोर वित्तीय स्थिति वाले दिव्यांग व्यक्तियों के सर्वांगीण विकास एवं उनके लाभ तथा सहायता के लिए बनाई गयी योजनाओं के सुचारू संचालन हेतु प्रदेश सरकार द्वारा 12 अगस्त, 1995 को अलग से दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग का गठन किया गया जिसके अन्तर्गत शासन स्तर पर प्रमुख सचिव, विशेष सचिव, संयुक्त सचिव, उप सचिव एवं अनुसचिव के पद तथा 3 अनुभाग सृजित हैं।

विभाग के अधीन दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग निदेशालय कार्यरत है जिसमें निदेशक का एक पद तथा संयुक्त निदेशक के चार पद तथा मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी का एक पद सृजित है।

उपनिदेशक के 20 पद – उपनिदेशक के 2 पद मुख्यालय स्तर तथा 18 पद मण्डल स्तर (प्रदेश के समव्यक हेतु) में सृजित हैं तथा 75 जनपदों में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के पद सृजित हैं।

विभाग में सृजित एवं भरे पदों के विवरण हेतु परिशिष्ट 'क' तथा प्रशासनिक व्यवस्था हेतु विभागीय संगठन का चार्ट परिशिष्ट 'ख' अवलोकनीय है।

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के मुख्य दायित्व

विभाग के उद्देश्य एवं कार्य –

1. दिव्यांगजन के सम्बंध में नीति का निर्धारण करना एवं प्रभावशाली क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।
2. योजनाओं के माध्यम से दिव्यांगजन का भौतिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक पुनर्वास कर समाज की मुख्य धारा में शामिल करना।
3. दिव्यांगजन विकास के संबंध में निर्धारित राष्ट्रीय नीतियों, कार्यक्रमों, संस्थाओं, के साथ समन्वय कर प्रदेश में प्रभावशाली तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।
4. दिव्यांगजनों के विकास संबंधी कार्य हेतु अन्तर्विभागीय समन्वय के साथ साथ गैर सरकारी संस्थाओं को प्रोत्साहित करना।
5. सेवाओं में दिव्यांगजन का आरक्षण एवं उनके सेवायोजन का पर्यवेक्षण करना आदि।

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं के अन्तर्गत महत्वपूर्ण कार्य /उपलब्धियाँ

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016

भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक 27.12.2016 द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 निर्गत किया गया है, जो सम्पूर्ण भारत वर्ष में लागू है। उक्त अधिनियम की धारा 101 में विहित व्यवस्थानुसार उ०प्र० राज्य की अधिसूचना दिनांक 28.12.2017 द्वारा उ0प्र0 दिव्यांगजन अधिकार नियमावली, 2017 निर्गत की गयी है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 तथा उ0प्र0 दिव्यांगजन अधिकार नियमावली, 2017 में दिव्यांगजन को प्रदत्त विभिन्न अधिकारों के संरक्षण हेतु दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।
क–सामाजिक एवं आर्थिक पुनर्वासन

1. **दिव्यांग भरण–पोषण अनुदान योजना** :– योजनान्तर्गत पूर्व में रू0 300 /– प्रति माह प्रति व्यक्ति की दर से अनुदान प्रदान किया जाता था, जिसे सरकार द्वारा दिनांक अप्रैल, 2017 से बढ़ा कर रू0 500/– व दिसम्बर, 2021 से पुनः बढ़ा कर रू0 1000/– प्रति माह प्रति लाभार्थी कर दिया गया है।

   - योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में कुल प्राविधानित धनराशि रू0 134295.48 लाख के सापेक्ष रू० 119320.19 लाख की धनराशि का व्यय करते हुए प्रदेश के कुल 9,64,620 दिव्यांगजन को लाभान्वित किया गया है।
   - योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में अद्यतन् कुल प्राविधानित धनराशि रू0 112004.69 लाख के सापेक्ष माह जनवरी तक रू० 92976.31 लाख की धनराशि का व्यय करते हुए प्रदेश के कुल 10,40,823 दिव्यांगजन को लाभान्वित किया गया है।

2. **कुष्ठावस्था पेंशन योजनाः**– कुष्ठ रोग के कारण दिव्यांग हुए दिव्यांगजन को रू0 2500 /– प्रति माह की दर को बढ़ाते हुए दिसम्बर, 2021 से रू0 3000 /– प्रति माह किया गया है।

   - योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में कुल प्राविधानित धनराशि रू0 4215.96 लाख के सापेक्ष रू0 4082.67 लाख की धनराशि का व्यय करते हुए प्रदेश के कुल 11,257 कुष्ठ रोग के कारण दिव्यांगता से ग्रसित दिव्यांगजन को लाभान्वित किया गया है।
   - योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में अद्यतन कुल प्राविधानित धनराशि रू0 4200.00 लाख के सापेक्ष माह जनवरी तक रू0 3160.05 लाख की धनराशि का व्यय करते हुए प्रदेश के कुल 11,671 कुष्ठ रोग के कारण दिव्यांगता से ग्रसित दिव्यांगजन को लाभान्वित किया गया है।

3. **दिव्यांगजन से शादी करने पर पुरस्कार** : शादी–विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत न्यूनतम् 40 प्रतिशत दिव्यांगता वाले दिव्यांग दम्पत्ति में से युवक के दिव्यांग होने की दशा में रू0 15,000/– युवती के दिव्यांग होने की दशा में रू० 20000/– तथा युवक व युवती दोनों के दिव्यांग होने की दशा में रू० 35,000/– की धनराशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की जाती है।

   - योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में कुल प्राविधानित धनराशि रू0 264.00 लाख के सापेक्ष रू० 110.00 लाख की धनराशि का व्यय करते हुए प्रदेश के कुल 420 दिव्यांग दम्पति लाभान्वित किये गये।
   - योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में अद्यतन कुल प्राविधानित धनराशि रू0 264.00 लाख के सापेक्ष माह जनवरी तक रू0 132.70 लाख की धनराशि का व्यय करते हुए प्रदेश के कुल 534 दिव्यांग दम्पति लाभान्वित किये गये।

4. **दुकान निर्माण/संचालन योजना रूदुकान निर्माण** : संचालन योजना के अंतर्गत न्यूनतम् 40 प्रतिशत दिव्यांगता वाले दिव्यांगजन को दुकान निर्माण हेतु रू० 20,000/– एवं दुकान/खोखा/गुमटी/हाथ ठेला संचालन हेतु रू० 10,000/– की धनराशि प्रदान की जाती है।

- योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में कुल प्राविधानित धनराशि रू0 106.04 लाख के सापेक्ष रू0 104.70 लाख की धनराशि का व्यय करते हुए प्रदेश के कुल 1,008 दिव्यांगजन लाभान्वित किये गये हैं।
- योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में अद्यतन् कुल प्राविधानित धनराशि रू0 106.04 लाख के सापेक्ष माह जनवरी तक रू0 75.50 लाख की धनराशि का व्यय करते हुए प्रदेश के कुल 755 दिव्यांगजन लाभान्वित किये गये हैं।

5. **उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा योजनाः**– सरकार द्वारा दिव्यांगजन को निःशुल्क बस यात्रा सुविधा उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम की बसों में उनके अन्तिम गन्तव्य स्थल तक (चाहे वह राज्य की सीमा से बाहर ही क्यों न हो) किये जाने का शासनादेश दिनांक 21 जून, 2019 को जारी कर दिया गया।

- योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में कुल प्राविधानित धनराशि रू0 4000.00 लाख के सापेक्ष उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को दिव्यांगजन द्वारा की गयी यात्राओं हेतु कुल धनराशि रू० 3219.74 लाख का भुगतान किया गया।
- योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में कुल प्राविधानित धनराशि रू0 4000.00 लाख के सापेक्ष उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को दिव्यांगजन द्वारा की गयी यात्राओं हेतु माह जनवरी तक कुल धनराशि रू0 2959.91 लाख का भुगतान किया गया है।

6. **राज्य स्तरीय पुरस्कार** : सरकार विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन के सशक्तीकरण व बेहतरी के लिए कार्य करने वाले व्यक्ति, संस्था या स्वयं दिव्यांगजन को उनके द्वारा किये गये सराहनीय कार्यों के लिये प्रदान किया जाता हैं। वित्तीय वर्ष 2017–18 से 02 श्रेणियों के स्थान पर 12 श्रेणियो के अन्तर्गत 30 उपश्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किया जाता हैं, तथा पुरस्कार की धनराशि रू0 5000/– से बढ़ाकर रू० 25000/– कर दी गयी हैं।

''विश्व दिव्यांग दिवस'' 03 दिसम्बर, 2023 के अवसर पर 21 दिव्यांग व्यक्तियों / संस्थाओं को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

7. **विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यू०डी०आई०डी०) योजना** : सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा विकसित व संचालित पोर्टल http:\\www.swavlambancard.gov.in के माध्यम से मुख्य चिकित्सा अधिकारी के स्तर से प्रदेष के समस्त दिव्यांगजन को निर्धारित प्रारूप पर दिव्यांगता प्रमाण–पत्र निर्गत किये जाते है, जिसके आधार पर विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यू०डी०आई०डी० कार्ड) बनाये जा रहे है।

- वित्तीय वर्ष 2023–24 में माह नवम्बर 2023 तक 02 लाख नवीन यू०डी०आई०डी० कार्ड निर्गत किये जाने का लक्ष्य निर्धारण करते हुये जनपदों को लक्ष्य का आवंटन किया गया।
- जिसके सापेक्ष कुल 209937 यू०डी०आई०डी० कार्ड निर्गत किये गये। प्रदेश में अब तक कुल 12,53,723 यू0डी0आई0डी० कार्ड निर्गत किये जा चुके है। माह जनवरी, 2024 में अब तक कुल 16722 यू०डी०आई०डी० कार्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी के स्तर से निर्गत किये गये है।

8. **प्रदर्शनियाँ** : ''विश्व दिव्यांग दिवस'' 03 दिसम्बर, 2023 के अवसर पर डा० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, मोहान रोड, लखनऊ के अटल ऑडिटोरियम में 08 राजकीय विद्यालयों एवं दिव्यांगजन के हितार्थ कार्य कर रही 05 स्वैच्छिक संस्थाओं के दिव्यांगजन द्वारा हस्त निर्मित साज–सज्जा/दैनिक उपयोग सामग्री प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय दिव्यांगता के क्षेत्र में जन जागरूकता हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार के लिये दिव्यांगजन द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिये गोरखपुर में दिव्यकला एवं कौशल प्रदर्शनी के नाम से 03 द्विवसीय राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया।

9. विभागीय अभिमुखीकरण कार्यशाला

माननीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछडा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 10.10.2023 को डा०शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वासन विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर स्थित सभागार में विभागीय योजनाओं/कार्यक्रमों के सुगमतापूर्वक क्रियान्वयन एवं नवप्रयोग के सम्बन्ध में विभागीय अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन कर विभागीय अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया गया।

<u>ख–चिकित्सकीय एवं भौतिक पुनर्वासन</u>

1. **कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना** :– दिव्यांगजन को अधिकतम अनुदान रू0 8,000/– से बढ़ा कर फरवरी, 2019 से रू0 10,000/– कर दिया गया है। शासन द्वारा फरवरी, 2018 से दिव्यांगजन को सहायक उपकरणों के साथ–साथ 'कृत्रिम अंग' भी देने की व्यवस्था की गयी है।

   - योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में कुल प्राविधानित धनराशि रू0 3740.00 लाख के सापेक्ष रू० 3451.63 लाख की धनराशि का व्यय करते हुए प्रदेश के कुल 49, 111 दिव्यांगजन लाभान्वित किये गये हैं।
   - योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में अद्यतन् कुल प्राविधानित धनराशि रू0 3740.00 लाख के सापेक्ष माह जनवरी तक रू० 729.86 लाख की धनराशि का व्यय करते हुए प्रदेश के कुल 10,229 कृत्रिम अंग/सहायक उपकरणों का वितरण किया गया हैं।

2. **मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल योजना** : मा० मुख्यमंत्री जी की कृत घोषणा के क्रम में प्रदेश के प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में वितरण हेतु 100–100 मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल की उपलब्धता जनपदों में सुनिश्चित करायी गयी, जिसके अन्तर्गत प्रदेश में दिव्यांगजन को कुल 8,000 मोटराईज्ड ट्राईसाइकिलों का वितरण किया गया है।

3. **शल्य चिकित्सा अनुदान योजना** :– प्रति लाभार्थी अनुमन्य अधिकतम् रू0 8000/– की अनुदान दर में वृद्धि करते हुए सरकार द्वारा जुलाई, 2017 सेरूपये 10,000 /– प्रति लाभार्थी किया गया है। कॉक्लियर इम्प्लाण्ट हेतु अनुदान की धनराशि प्रति लाभार्थी प्रति इम्प्लाण्ट रू0 6.00 लाख निर्धारित की गयी है।

   - योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में कुल प्राविधानित धनराशि रू0 640.00 लाख के सापेक्ष 621. 00 लाख की धनराशि का व्यय करते हुए प्रदेश के कुल 100 दिव्यांगजन की करेक्टिव सर्जरी एवं कुल 100 श्रवण बाधित बच्चों की कॉक्लियर इम्प्लान्ट सर्जरी कराई गयी ।
   - योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में अद्यतन कुल प्राविधानित धनराशि रू0 750.00 लाख के सापेक्ष माह जनवरी तक रू० 733.33 लाख की धनराशि का व्यय करते हुए प्रदेश के कुल 41 दिव्यांगजन की करेक्टिव सर्जरी एवं कुल 115 श्रवण बाधित बच्चों की कॉक्लियर इम्प्लान्ट सर्जरी कराई गयी ।

4. **जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र (डी०डी०आर०सी०)** : जनपद स्तर पर आवश्यक बुनियादी ढाँचे का निर्माण कर दिव्यांगजन को व्यापक पुनर्वासन सेवाऐं उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्रों की स्थापना की गयी है।

5. **मानसिक मंदित आश्रयगृह सह प्रशिक्षण केन्द्र** : आश्रयहीन मानसिक दिव्यांगजन को कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे हों या सड़कों अथवा सार्वजनिक स्थानों पर विक्षिप्त अवस्था में भटक रहे हों उनके लिए आश्रय, भोजन, वस्त्र, दैनिक दिनचर्या एवं देखभाल जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा राजकीय मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में जनपद बरेली (महिला), मेरठ (पुरूष) एवं गोरखपुर (पुरूष) में राजकीय मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र संचालित हैं। इन केन्द्रों की आवासीय क्षमता 50–50 है।

6. **उत्तर प्रदेश में मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रूग्ण निराश्रित दिव्यांगजन के लिए आश्रयगृह सह प्रशिक्षण केन्द्रों के संचालन तथा मानसिक चिकित्सालय/आश्रय गृह से उपचारित एवं ठीक हुए बेघर व्यक्तियों के लिए हाफ वे होम/लांग स्टे होम के संचालन हेतु स्वैच्छिक संगठनों को अनुदान योजना** : उ०प्र० के निराश्रित मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रूग्ण व्यक्तियों के आर्थिक एवं सामाजिक

उत्थान को सुनिश्चित करने के लिए शासकीय कार्यक्रमों के साथ स्वैच्छिक संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उन्हें आर्थिक सहयोग दिये जाने की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए अनुदान योजना का संचालन किया गया है। योजनान्तर्गत विभाग द्वारा 22 स्वैच्छिक संस्थाओं के माध्यम से विभिन्न जनपदों में मानसिक मंदित आश्रयगृह सह प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है।

- **सुगम्य भारत अभियान योजना** सुगम्य भारत अभियान योजना का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों को जीवन के सभी क्षेत्र में भागीदारी करने के लिए समान अवसर एवं आत्मनिर्भर जीवन प्रदान करना है। सुगम्य भारत अभियान सुगम्य भौतिक वातावरण, परिवहन, सूचना एवं संचार पारिस्थिति की तंत्र विकसित करने पर केन्द्रित है।
- सुगम्य भारत अभियान फेज–1 के अन्तर्गत राज्य के 06 जनपद यथा– लखनऊ, कानपुर नगर, झांसी, वाराणसी, आगरा एवं नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) के 139 भवनों को चिन्हित किया गया। उक्त 06 जनपदों के 139 भवनों में से 89 भवनों दिव्यांगजन हितैषी बनाया जा चुका है।
- सुगम्य भारत अभियान फेज–2 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के 68 भवनों को चिन्हित किया गया है। उक्त चिन्हित 68 भवनों में से 20 भवनों को दिव्यांगजन हितैषी बनाया जा चुका है।
- सुगम्य भारत अभियान फेज–3 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के 10 प्रमुख जनपद यथा– मथुरा, प्रयागराज, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, अलीगढ़, मेरठ, अयोध्या आजमगढ़ एवं गोरखपुर के 508 भवनों को चिन्हित किया गया है। उक्त 10 जनपदों के कुल 508 भवनों की एक्सिस ऑडिट की कार्यवाही को संस्था द्वारा पूर्ण कर लिया गया है।

<u>ग–शैक्षणिक पुनर्वासन</u>

1. **बचपन डे केयर सेन्टर्स** : 03 से 07 वर्ष के श्रवणबाधित, मानसिक प्री–स्कूल रेडीनेस हेतु 18 मण्डलीय जनपदों में बचपन डे केयर संचालित 18 बचपन डे–केयर सेन्टर्स **को संचालन की गुणवत्ता व प्रबन्धन के लिए आई0एस0ओ09001 : 2015 प्रमाणीकरण प्रदान किया गया है।**

2. **दिव्यांगजन हेतु विशेष विद्यालयों का संचालन** : उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगजन हेतु विशेष विद्यालय – 'प्रयास' (शारीरिक रूप से अक्षम बालकों के लिये राजकीय विद्यालय– हाईस्कूल स्तर),

3. **'संकेत'** (राजकीय मूक बधिर विद्यालय – जूनियर हाईस्कूल), **'ममता'** (मानसिक रूप से चुनौतीग्रस्त बालकों/बालिकाओं का राजकीय विद्यालय) तथा **'स्पर्श'** (राजकीय दृष्टिबाधित विद्यालय) का संचालन किया जा रहा है, जिनमें वर्तमान में कुल **1,574 छात्र/छात्रायें** अध्ययनरत हैं।

   दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के अधीन जनपद बरेली, मिर्जापुर, लखीमपुर खीरी में स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित (बालक) विद्यालय (जूनियर हाईस्कूल) समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय महराजगंज, आजमगढ़, बलिया, संकेत मूकबधिर इण्टर कालेज सोनभद्र, कुशीनगर, गोरखपुर के संचालनार्थ कुल 274 पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

   वर्तमान में विभाग द्वारा संचालित समस्त 16 विशेष विद्यालयों को अपने उच्च स्तरीय शिक्षण एवं प्रशिक्षण व्यवस्था सहित कैम्पस की उच्च स्तर की प्रबन्ध प्रणाली के लिए आई०एस०ओ० 9001रू 2015 प्रमाणीकरण प्रदान किया गया है तथा इन विशेष विद्यालयों में गुणवत्त परक शिक्षा प्रदान किये जाने के उद्देश्य से स्मार्ट क्लासेज की व्यवस्था की गयी है। इसके साथ ही 5 समेकित विद्यालयों का विभाग द्वारा संचालन किया जा रहा है।

4. **डा० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय (लखनऊ)** : दिव्यांगजन की उच्च शिक्षा को सुगम बनाने के दृष्टिगत जनपद लखनऊ में डा० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय संचालित है, जहाँ समस्त पाठ्यक्रमों में 50 प्रतिशत सीटें दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए आरक्षित हैं। वर्तमान में इस विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में कुल 4,696 छात्र/छात्रायें अध्ययनरत हैं।

5. **जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय (चित्रकूट)** : दिव्यांगजन की उच्च शिक्षा को सुगम बनाने के दृष्टिगत जनपद चित्रकूट में जगदगुरू रामभद्राचार्यदिव्यांग विश्वविद्यालय राज्य विश्वविद्यालय के रूप में दिनांक– 31.01.2023 को प्रतिस्थापित किया गया। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय तथा शासन के मध्य दिनांक 31.01.2023 को एम०ओ०यू० हस्ताक्षरित किया गया एवं विश्वविद्यालय हेतु नवीन अधिनियम प्रख्यापित किया जा चुका है। विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों में 50 प्रतिशत सीटें दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए आरक्षित है। वर्तमान में इस विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में कुल 1,642 छात्र/छात्रायें अध्ययनरत हैं।

6. **ब्रेल प्रेस** : प्रदेश में दृष्टिबाधित छात्र/छात्राओं के पठन–पाठन हेतु ब्रेललिपि में पुस्तकों को प्रकाशित करने हेतु ब्रेल प्रेस की स्थापना की गयी है। इस ब्रेल प्रेस में विभाग द्वारा संचालित दृष्टिबाधित विद्यालयों में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं के पठन पाठन हेतु विभिन्न विषयों से सम्बन्धित पुस्तकों को ब्रेल लिपि में प्रकाशित कराया जाता है। वर्ष 2018 में भारत सरकार द्वारा राजकीय ब्रेल प्रेस, लखनऊ को उत्कृष्ट ब्रेल प्रेस को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया है।

7. दिव्यांगजन को उच्च कोटि के गुणवत्तापरक कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने हेतु कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केन्द्र की स्थापना डा० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के परिसर में की गई है। जिसमें स्नातक (बी०पी०ओ०) एवं स्नातकोत्तर (एम०पी०ओ०) पाठ्यक्रम संचालित है।

8. दिव्यांगजन को खेलने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए डा० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के परिसर में एक अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के विशिष्ट स्टेडियम का निर्माण हुआ है, जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खेल संबंधी सुविधाएं उपलब्ध है।

घ– दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ०प्र० को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदत्त राष्ट्रीय पुरस्कार

1. राजकीय ब्रेल प्रेस को उत्कृष्ट ब्रेल प्रेस का राष्ट्रीय पुरस्कार (वर्ष 2018)
2. जनपद लखनऊ को पुनर्वास योजनाओं को प्रभावी ढंग से संचालन हेतु उत्कृष्ट जनपद का राष्ट्रीय पुरस्कार (वर्ष 2018)
3. सुगम भारत अभियान के कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार (वर्ष 2019)
4. विभाग की वेबसाइट www.uphwd.gov.in को सर्वश्रेष्ठ सुगम्य वेबसाइट का पुरस्कार (वर्ष 2019)
5. जनपद वाराणसी को पुनर्वास योजनाओं को प्रभावी ढंग से संचालन हेतु उत्कृष्ट जनपद का राष्ट्रीय पुरस्कार (वर्ष 2019)

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रम/योजनाएँ

1– संकेत (राजकीय मूक बधिर विद्यालय) लखनऊ,आगरा ,बरेली, फर्रूखाबाद, गोरखपुर :

लखनऊ, बरेली, फर्रूखाबाद, आगरा, गोरखपुर में एक–एक विद्यालय संचालित हैं। इन विद्यालयों में श्रवण यंत्र की सहायता से छात्रों को शिक्षा दिये जाने के साथ–साथ व्यवसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाता है। लखनऊ, बरेली तथा फर्रूखाबाद में जूनियर हाईस्कूल स्तर तक की शिक्षा प्रदान की जाती है। बरेली में आवासीय छात्र संख्या 120 तथा अनावासीय छात्र संख्या 220 (कुल 340) है। फर्रूखाबाद की आवासीय छात्र क्षमता –60 तथा अनावासीय छात्र क्षमता–40 है (कुल 100) तथा लखनऊ की आवासीय क्षमता 100 छात्र की है। आगरा एवं गोरखपुर में हाईस्कूल स्तर तक की शिक्षा देने की व्यवस्था है। आगरा की आवासीय छात्र की क्षमता 50 तथा अनावासीय छात्र क्षमता 100 (कुल 150) तथा गोरखपुर में आवासीय सुविधा उपलब्ध नहीं है अनावासीय छात्र क्षमता 100 है। इन विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों को जिनके अभिभावकों की मासिक आय रू0 1000/– तक होती है, उन छात्र/छात्राओं को आवासीय सुविधा के साथ–साथ रू0 2000/– प्रतिमाह की दर से छात्रवृत्ति/छात्रवेतन दिया जाता है। इन विद्यालयों की स्वीकृत छात्र क्षमता निम्नवत है–

विद्यालयों की संख्या	आवासीय/ अनावसीय	स्वीकृत क्षमता
05	आवासीय	330
	अनावसीय	460
	योग	**790**

2– स्पर्श(बालक /बालिकाओं के लिये राजकीय दृष्टिबाधित विद्यालय)लखनऊ, गोरखपुर, बॉदा, सहारनपुर, मेरठ

लखनऊ/गोरखपुर में बालकों/बालिकाओं के लिए एक–एक, बांदा एवं मेरठ में बालकों हेतु एक–एक इण्टर कालेज संचालित हैं। इन विद्यालयों की आवासीय छात्र क्षमता 200–200 है तथा अन्य 04 विद्यालयों की आवासीय क्षमता 100–100 है अनावासीय छात्र क्षमता 25–25 है। जनपद सहारनपुर में बालिकाओं हेतु हाईस्कूल स्तर तक का विद्यालय संचालित है, जिसकी आवासीय छात्र क्षमता 75 तथा अनावासीय छात्र क्षमता 25 है। इन विद्यालयों में ब्रेल पद्वति के माध्यम से निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। इन विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को जिनके अभिभावकों की मासिक आय रू0 1000/–होती है, उन छात्र/छात्राओं को आवासीय सुविधा के साथ–साथ प्रति छात्र/छात्रा रू0 2000/– प्रतिमाह की दर से छात्रवृत्ति/छात्रवेतन दिया जाता है, तथा अनावसीय छात्र/छात्राओं को घर से विद्यालय तक आने जाने हेतु निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। इन विद्यालयों में स्वीकृत छात्र क्षमता निम्नवत् है :

विद्यालयों की संख्या	आवासीय / अनावसीय	स्वीकृत क्षमता
07	आवासीय	875
	अनावसीय	175
	योग	**1050**

3. ममता (मानसिक रूप से चुनौतीग्रस्त बालकों / बालिकाओं का राजकीय विद्यालय) लखनऊ तथा प्रयागराज।

प्रदेश में मानसिक रूप से चुनौतीग्रस्त बालकों / बालिकाओं के लिए एक–एक विद्यालय क्रमशः लखनऊ तथा प्रयागराज में संचालित है। इन विद्यालयों में बालकों एवं बालिकाओं को मनोवैज्ञानिक पद्धति से निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है । प्रत्येक विद्यालय की आवासीय छात्र क्षमता 50–50 है। इन विद्यालयों में संवासियों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने की दृष्टि से व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाता है। जिन संवासियों के अभिभावकों की मासिक आय रू0 1000 / – प्रतिमाह तक है उनके भरण पोषण पर शासन द्वारा 2000 / – रू0 प्रति माह प्रति संवासी की दर से व्यय किया जाता है। विद्यालयों में स्वीकृत छात्र क्षमता निम्नवत है :

विद्यालयों की संख्या	आवासीय / अनावसीय	स्वीकृत क्षमता
02	आवासीय	100
	अनावसीय	0
	योग	**100**

4. प्रयास (शारीरिक रूप से अक्षम बालकों के लिये राजकीय विद्यालय) लखनऊ, प्रतापगढ–

शारीरिक रूप से अक्षम बालकों के लिये प्रतापगढ तथा लखनऊ में एक–एक विद्यालय संचालित है। प्रत्येक विद्यालय की छात्र क्षमता 50–50 बालकों की है। इन विद्यालयों में हाईस्कूल स्तर तक की निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। इन विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों जिनके अभिभावकों की मासिक आय रू0 1000 / – तक होती है उनकों आवासीय सुविधा के साथ भरण पोषण हेतु रू0 2000 / – प्रतिमाह प्रति छात्र दिया जाता है । इन विद्यालयों में स्वीकृत छात्र क्षमता निम्नवत है :

विद्यालयों की संख्या	आवासीय / अनावसीय	स्वीकृत क्षमता
02	आवासीय	100
	अनावसीय	0
	योग	**100**

5. समेकित विद्यालयों की स्थापना वित्तीय वर्ष 2023–24 में 05 समेकित विद्यालयों (प्रयागराज, लखनऊ, औरैया, आजमगढ़ एवं कन्नौज) का संचालन प्रारम्भ किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2023–24 में समेकित विद्यालयों के निर्माण हेतु कुल रू0 2923.70 लाख का प्राविधान के सापेक्ष माह जनवरी 2024 तक कुल रू0 1535.54 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में रू0 3560.00 लाख का प्राविधान प्रस्तावित है।

6. उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले दृष्टिबाधित छात्र/छात्राओं हेतु छात्रावासों का संचालन लखनऊ गोरखपुर, प्रयागराज एवं मेरठ।

दृष्टिबाधित छात्र/छात्राओं द्वारा अपने–अपने क्षेत्र से इण्टरमीडिएट की शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिये अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, के दृष्टिकोण से उन्हें उच्च शिक्षा ग्रहण करने के समय आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु लखनऊ/गोरखपुर में छात्र/छात्राओं हेतु एक–एक, प्रयाराज/मेरठ मे छात्रों हेतु एक–एक कुल छः छात्रावासों की स्थापना की गयी है। प्रत्येक छात्रावास की स्वीकृत क्षमता 200–200 है। उक्त छात्रावासों के संचालन हेतु नियमावली का प्रख्यापन शासन द्वारा किया जा चुका है

विभिन्न श्रेणी के दिव्यांगों के लिए उक्त 16 विद्यालयों माह नवम्बर तक एवं उनके छात्रावासो के संचालन के लिए वित्तीय वर्ष 2023–24 में कुल रू0 4363.40 लाख के प्राविधान के सापेक्ष माह जनवरी, 2024 तक कुल रू0 1990.49 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में रू 4788.50 लाख का प्राविधान है।

7. कौशल विकास केन्द्र (दृष्टिबाधितों के लिये राजकीय कर्मशाला) लखनऊ गोरखपुर तथा बॉदा–

दृष्टिबाधित बेरोजगार व्यक्तियों को कार्य उपलब्ध कराने एवं विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण प्रदान करने की दृष्टि से लखनऊ, गोरखपुर तथा बॉदा में एक–एक कर्मशाला संचालित है। लखनऊ तथा गोरखपुर कर्मशाला में स्वीकृत आवासीय संवासी क्षमता 50–50 तथा अनावासीय संवासी क्षमता 50–50 है। बॉदा में आवासीय संवासी स्वीकृत क्षमता 50 तथा अनावासीय क्षमता 25 है। इन कर्मशालाओं में दृष्टिबाधित व्यक्तियों को वर्क आर्डर के आधार पर कुर्सी बुनाई आदि का कार्य अन्य कार्यालयों में उपलब्ध कराया जाता है जिसके लिये उन्हें पारिश्रमिक दिया जाता है। इसके साथ ही डिजाइनर मोमबत्तियों, कम्प्यूटर आदि का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। इन कर्मशालाओं में स्वीकृत क्षमता निम्नवत् हैः–

कर्मशालाओं की संख्या	आवासीय/ अनावसीय	स्वीकृत क्षमता
03	आवासीय	150
	अनावसीय	125
	योग	**275**

8. कौशल विकास केन्द्र(शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के लिये राजकीय प्रशिक्षण केन्द्र) वाराणसी, प्रयागराज, उन्नाव –

शाारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों/दिव्यांगों को प्रशिक्षण दिये जाने के उद्देश्य से संचालित कर्मशाला मिर्जापुर से स्थानान्तरित होकर जनपद वाराणसी में संचालित है। इस कर्मशाला में आवासीय संवासियों की क्षमता 60 तथा अनावासीय संवासियों की क्षमता 40 (कुल 100) है। इन संवासियों को आवासीय सुविधा के साथ–साथ रू0 2000/– प्रतिमाह प्रति संवासी की दर से धनराशि भरण पोषण हेतु प्रदान की जाती है। इस कर्मशाला में दिव्यांग व्यक्तियों को कुर्सी बुनाई, सिलाई एवं मोमबत्ती आदि बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता हैं। प्रयागराज एवं उन्नाव में 50 आवासीय एवं 50 अनावासीय एवं वाराणसी में 60 आवासीय एवं 40 अनावासीय संवासियों की क्षमता है।

9. कौशल विकास केन्द्र (मूक–बधिरों के लिए प्रशिक्षण केन्द्र एवं आश्रित कर्मशाला) आगरा :–

जनपद आगरा में मूक बधिरों के लिये एक व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र एवं आश्रित कर्मशाला स्थापित है। जिसमें आवासीय संवासियों की क्षमता 25 तथा अनावासीय संवासियों की स्वीकृत क्षमता 25 (कुल 50) है। इन संवासियों को रू0 2000/– प्रतिमाह प्रति संवासी की दर से धनराशि भरण पोषण हेतु प्रदान की जाती है। इस केन्द्र में कुर्सी बुनाई, सिलाई एवं मोमबत्ती का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस कर्मशाला में संवासियों की स्वीकृत क्षमता निम्नवत् हैः–

कर्मशालाओं की संख्या	आवासीय/ अनावसीय	स्वीकृत क्षमता
01	आवासीय	25
	अनावसीय	25
	योग	**50**

दिव्यांग कर्मशालाओं के संचालन पर वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्राविधानित धनराशि कुल रू0 163.53 लाख के सापेक्ष माह जनवरी तक कुल रू0 58.89 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में रू0 168.08 लाख का प्राविधान है।

10– बहुउद्देशीय कौशल विकास केन्द्र मुरादाबाद एवं मेरठ :–

सभी श्रेणी के दिव्यांगजन की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुये मुरादाबाद एवं मेरठ जनपद में एक–एक बहुउद्देशीय कौशल विकास केन्द्र की स्थापना की गयी है। इन केन्द्रों की स्वीकृत क्षमता 50–50 (कुल 100 है) जिसमें सभी श्रेणी के दिव्यांगजन को बाजार की मॉग के अनुरूप अल्प अवधि के विभिन्न व्यावसायिक ट्रेडो में प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार प्रारम्भ करने योग्य बनाया जाता है। उक्त उद्देश्य की पूर्ति के लिए वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु कुल रू0 31.01 लाख के प्राविधान के सापेक्ष माह जनवरी 2024 तक कुल रू0 24.23 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में रू0 31.51 लाख का प्राविधान है।

इन बहुउद्देशीय कौशल विकास केन्द्रों की स्वीकृत क्षमता निम्नानुसार हैः–

कर्मशालाओं की संख्या	आवासीय / अनावसीय	स्वीकृत क्षमता
02	आवासीय	0
	अनावसीय	100
	योग	**100**

11. निराश्रित मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र बरेली, गोरखपुर एवं मेरठ :–

प्रदेश के निराश्रित मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र बरेली में महिलाओं हेतु तथा गोरखपुर एवं मेरठ में पुरूषों हेतु एक–एक आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना की गयी है। इन केन्द्रों की आवासीय क्षमता 50–50 है। इन केन्द्रों में मानसिक मंदित दिव्यांगजन को प्रवेश देकर उनको आश्रय प्रदान किये जाने के साथ साथ व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्वावलम्बी बनाकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। जिनके संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु कुल रू0 221.67 लाख का प्राविधान के सापेक्ष माह जनवरी 2024 तक कुल रू0 125.31 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024–25 मे रू0 334.31 लाख का प्राविधान है।

कर्मशालाओं की संख्या	आवासीय / अनावसीय	स्वीकृत क्षमता
03	आवासीय	150
	अनावसीय	0
	योग	**150**

12. अमरावती पुरूषोत्तम बहुउद्देशीय दिव्यांग सशक्तीकरण संस्थान वाराणसी का संचालनः–

इस संस्थान में सभी श्रेणी के दिव्यांगजन हेतु जनपद वाराणसी में अमरावती पुरूषोत्तम बहुउद्देशीय दिव्यांग सशक्तीकरण संस्थान संचालित है इस संस्थान में मानसिक मंदित दिव्यांगजन को आवासीय सुविधा के साथ–साथ विभिन्न प्रकार के व्यावसायिक ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान कर स्वावलम्बी बनाये जाने का कार्य प्रदान किया जाता है। इस हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 में कुल रू0 77.60 लाख के प्राविधान के सापेक्ष माह जनवरी 2024 तक कुल रू0 31.37 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में रू0 54.60 लाख का प्राविधान है।

13. मनोविकास केन्द्र, गोरखपुर :–

गोरखपुर मण्डल में जापानी इन्सेफलाइटिस से प्रभावित व्यक्तियों के पुनर्वासन हेतु जनपद गोरखपुर के बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज के आरोग्य भवन में मनोविकास केन्द्र संचालित है। इस मनोविकास केन्द्र में जापानी इंसेफलाइटिस से ग्रसित दिव्यांगजन को आई0क्यू0 असेसमेन्ट, आक्यूपेशनलथिरेपी यूनिट, फिजियोथैरेपी यूनिट, आडियोलाजी यूनिट, व्यावसायिक प्रशिक्षण यूनिट, काउन्सिलिंग एवं सोशल एजूकेशनल यूनिट के माध्यम से पुनर्वास सेवायें एवं सुविधायें प्रदान की जा रही हैं। वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु कुल रू0 37.15 लाख के प्राविधान के सापेक्ष माह जनवरी 2024 तक कुल रू0 29.89 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में रू0 37.15 लाख का प्राविधान है।

14. बचपन डे केयर सेन्टर्स की स्थापना एवं संचालनः–

सर्व शिक्षा अभियान से प्राप्त करायी गयी धनराशि से जनपद लखनऊ, प्रयागराज,वाराणसी (प्रत्येक 60 बच्चों की क्षमता) आगरा,सहारनपुर,झॉसी,बरेली, गौतमबुद्धनगर (प्रत्येक 30बच्चों हेतु) में बचपन डे केयर सेन्टर संचालित किये गये थे। वर्ष 2008–09 तक इन केन्द्रों का संचालन सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत किया गया था, तदोपरान्त वर्ष 2009–10 से दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा उक्त योजना को विभागीय बजट से संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया। बचपन डे केयर सेन्टर में मानदेय पर समन्वयक तथा विशेष अध्यापकों की व्यवस्था है तथा इसके अतिरिक्त प्रत्येक सेन्टर पर 1–1 फिजियोथिरेपिस्ट, साइकोकाउन्सलर, स्पीच ट्रेनर/विशेषज्ञों की सेवायें प्रति विजिट के आधार पर तथा अटेन्डेन्ट, आया, सफाई कर्मी, चौकीदार की सेवायें मानदेय के आधार पर ली जा रही हैं। इन सेन्टर्स में 03 से 07 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों को शिक्षण/प्रशिक्षण के साथ–साथ अवागमन की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराते हुये सामान्य विद्यालयों में शिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रशिक्षित किया जाता है। स्थापित बचपन डे केयर सेन्टर्स के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 में कुल रू0 1257.20 लाख का प्राविधान के सापेक्ष माह जनवरी, 2024 तक कुल रू0 876.39 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में रू0 1367.70 लाख का प्राविधान है। वर्तमान में 18 जनपदों में केन्द्र संचालित है। भारत सरकार द्वारा घोषित प्रदेश के 07 महत्वाकांक्षी जनपदों में नवीन बचपन डे केयर सेन्टर स्थापना की प्रक्रिया प्रचलन में है।

15 डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय (लखनऊ) :–

देश में प्रथम बार विभिन्न श्रेणी के दिव्यांग विधार्थियों को बाधारहित वातावरण में समेकित शिक्षा के अन्तर्गत गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान किये जाने के उद्देश्य से 'डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की स्थापना की गयी है। वर्तमान में विशेष शिक्षा संकाय में दृष्टिबाधितार्थ, श्रवणबाधितार्थ एवं मानसिक मन्दितार्थ बी0एड0 एवं डी0एड0 विशेष शिक्षा पाठयक्रमों के संचालन के साथ–साथ बी0ए0,एम0ए0, बी0काम0, एम0काम0, एम0एस0डबलू, एम0बी0ए0 तथा विधि संकाय के अर्न्तगत बी0काम0 एल0एल0बी0 पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। विश्वविद्यालय में कुल 09 संकाय के अर्न्तगत 29 विभागों के बनने का प्राविधान है जिसमें वर्तमान में 21 विभाग क्रियाशील है। विश्वविद्यालय मे प्रत्येक पाठयक्रम में विभिन्न श्रेणी के दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए 50 प्रतिशत सीट आरक्षित है जिसमें से पुनः 50 प्रतिशत अर्थात 25 प्रतिशत सीटे केवल दृष्टिहीन विद्यार्थियों के लिए आरक्षित है। वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु वेतन एवं अन्य आकस्मिक मदों के अन्तर्गत रू0 4132.52 लाख के सापेक्ष माह जनवरी 2024 रू0 2316.64 लाख़ का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में वेतन एवं अन्य आकस्मिक मदों के अन्तर्गत रू0 4151.12 लाख का प्राविधान किया गया है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय संचालन हेतु रू0 400.00 लाख का प्रविधान प्रस्तावित है।

16. विभिन्न श्रेणी के निराश्रित दिव्यांग व्यक्तियों हेतु भरण पोषण अनुदान (दिव्यांग पेंशन)

प्रदेश में दृष्टिबाधित,मूक बधिर, मानसिक तथा शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों, जिनका जीवनयापन के लिए स्वयं का न तो कोई साधन है और न ही वे किसी प्रकार का ऐसा परिश्रम कर सकते हैं, के भरण–पोषण हेतु दिव्यांग भरण–पोषण अनुदान योजना के अन्तर्गत शासन के पत्रांक 914/65–2–2017–21–96 दिनांक 06 जून 2017 द्वारा पेंशन वृद्वि रू0 300/– प्रति माह प्रति व्यक्ति से बढाकर रू0 500/– प्रति माह की दर से अनुदान दिया जा रहा है। 01.12.2021 से 500/– प्रति माह प्रति व्यक्ति से बढ़ाकर 1000/– प्रतिमाह की दर से अनुदान दिया जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2023–24 में सामान्य पक्ष के दिव्यांगजन हेतु कुल रू0 1,10,000.00 लाख तथा एस0सी0पी0 पक्ष में रू0 2000.00 लाख एवं टी0एस0पी0 हेतु रू0 4.69 लाख के प्राविधान के सापेक्ष क्रमशः माह जनवरी 2024 तक

रू0 91412.95 लाख एवं एस0सी0पी0 हेतु रू. 1559.85 लाख एवं टी0एस0पी0 पक्ष में रू0 3.51 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय 2024–25 वर्ष में सामान्य पक्ष के लाभार्थियों हेतु रू0 120000.00 लाख, एस0सी0पी0 में रू0 2000.00 लाख व टी0एस0पी0 में रू0 4.69 लाख का प्राविधान है।

17. शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण क्रय हेतु अनुदान योजना

शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को अधिकतम रू0 10000/– तक का अनुदान कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण हेतु दिया जाता है। वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु सामान्य पक्ष के दिव्यांगजनों हेतु रू0 3500.00 लाख व एस0सी0पी0 में रू0 240.00 लाख का प्राविधान के सापेक्ष माह जनवरी, 2024 तक रू0 682.21 लाख व एस0सी0पी0 में रू. 46.95 लाख का व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में सामान्य पक्ष के लाभार्थियों हेतु रू0 3500.00 लाख व एस0सी0पी0 में रू0 240.00 लाख का प्राविधान प्रस्तावित है।

18. दिव्यांग व्यक्तियों से शादी करने पर प्रोत्साहन पुरस्कार योजनाः–

इस योजना के अन्तर्गत दम्पत्तियों में युवती के दिव्यांग होने की दशा में रू0 20000/– तथा युवक व युवती दोनों के दिव्यांग होने की दशा में रू0 35,000/– तथा दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने की दशा में रू0 15,000/– की धनराशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की जाती है।

